आवश्यक सूचना

फ़र्ज़ी डीलरशिप/ रोजगार / ऑफर इत्यादि के नाम पर धोखाधड़ी से सावधान

यह सूचना जनता को इंटरनेट व टेलीफोन के द्वारा होने वाली धोखाधड़ी से बचने की जानकारी प्रदान करती है। कृपया इसे ध्यान से पढ़ें।

कुछ व्यक्ति/समूह/एजेंसियाँ, RSPL GROUP के अधिकारियो / कर्मियों/ एजेंटों/निदेशकों/प्रचारकों का अनैतिक छदम प्रतिरुपण कर सकते हैं और ऐसे धोखेबाज़ नकली डोमेन नाम/वेबसाइट लिंक के साथ ईमेल भेज सकते हैं जो RSPL GROUP कंपनियों से मिलते-जुलते दिख सकते हैं या ऐसे धोखेबाज़ RSPL GROUP के प्रतिनिधि होने के रूप में झूठे दावें कर सकते हैं। यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि आपको प्राप्त हुआ ई-मेल वास्तविक है या धोखाधड़ी। धोखेबाज़, सोशल मीडिया (उदाहरण के लिए, व्हाट्सएप/फेसबुक आदि) के माध्यम से भी संपर्क कर सकते हैं या अखबारों में विज्ञापन द्वारा RSPL GROUP ब्रांड (घड़ी, नमस्ते इंडिया, SOKA, XPERT, PRO-EASE, GLORI, RED CHIEF, FURO, SINH, YDH इत्यादि) के व्यापार-चिह्न इत्यादि का उपयोग करके रोजगार, डीलरशिप, रिफंड, स्कीम, ईनाम या व्यापारिक अवसर आदि प्रदान करने का झूठा दावा कर सकते हैं। इस तरह के प्रलोभन का एकमात्र उद्देश्य आपकी निजी और गोपनीय जानकारियाँ प्राप्त करके धोखाधड़ी एवं पैसे हड़पना है। इस सूचना के माध्यम से विक्रेताओं, सेवा प्रदाताओं, आवेदकों, डीलरों, वितरकों, ग्राहकों और आम जनता को सावधान किया जाता है, ताकि आप किसी धोखाधड़ी के शिकार बनाने वालों के प्रति सतर्क रहें।

कृपया ध्यान दें कि RSPL GROUP कंपनियों के वेबसाइट, डोमेन, कार्यालय और संपर्क की जानकारी लेने का एकमात्र और आधिकारिक स्रोत https://www.rsplgroup.com/contactus है और हमारे टेलीफोन नंबर्स +91-512-22212-01 to 05 एवं email info@rsplgroup.com है ।

RSPL GROUP कंपनियों की आधिकारिक ईमेल केवल मुख्यतः **@rsplgroup.com, @rspl.net.in, @gharidetergent.com, @redchief.co.in, @nirpl.com, @furosports.com, @leyan.com, @contluxi.com, @bakerbychance.com, @nimmibuildtech.com** के डोमेन की **ही** होती है। कृपया प्राप्त होने वाली ईमेल के डोमेन की सावधानी से जांच कर लें। उपरोक्त के आलावा अन्य डोमेन से प्राप्त होने वाली ईमेल की पुष्टी हमारे आधिकारिक स्रोत से जरूर करें।

RSPL GROUP की कंपनियों के नाम और संपर्क विवरण नियमित रूप से https://www.rsplgroup.com/contactus पर अपडेट किए जाते हैं और इसमें मुख्यतः निम्नलिखित कंपनियां शामिल हैं: RSPL Limited, RSPL Health Private Limited, NIF Private Limited, Leayan Global Private Limited, Contluxi International Private Limited, Baker by Chance Private Limited, Nimmi Buildtech Private Limited. उपरोक्त के आलावा किसी अन्य RSPL GROUP कंपनी के नाम की पुष्टी हमारे आधिकारिक स्रोत से जरूर करें।

यदि आरएसपीएल डोमेन से ना होने वाला कोई ईमेल या कोई व्यक्ति फोन इत्यादि से स्वयं को RSPL GROUP की ओर से होने का दावा करे, या कोई व्यक्ति आपसे RSPL GROUP की ओर से कोई मांग करे, जिसकी वैधता पर विश्वास करने का आपके पास कोई पुख्ता कारण नहीं है, ऐसे में हम आपको दृढ़ता से सलाह देते हैं कि जब तक आप RSPL GROUP के आधिकारिक चैनलों के माध्यम से उन दावों की सत्यता की पुष्टि नहीं कर लेते, तब तक कोई प्रतिक्रिया ना करें। अपने व्यक्तिगत या वित्तीय विवरण को किसी ऐसे व्यक्ति के सामने प्रकट न करें जिसे आप नहीं जानते हैं। बिना सत्यापित किए ऐसे नकली संदेशों का जवाब देने से हानि या क्षति हो सकती है, और RSPL GROUP या कोई भी अन्य निदेशक अथवा अधिकारी ऐसी किसी भी हानि या क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। कृपया ध्यान दें कि ऐसे धोखेबाजों के साथ संबंध बनाने वाला कोई भी व्यक्ति, ऐसा अपने स्वयं के जोखिम और जिम्मेदारी पर करता है।

हम वर्तमान और प्रत्याशी विक्रेताओं, सेवा प्रदाताओं, आवेदकों, डीलरों, वितरकों, ग्राहकों और आम जनता को प्रोत्साहित करते हैं कि वे ऐसी किसी भी धोखाधड़ी या धोखाधड़ी के प्रयास की संदिग्ध घटना को अपने क्षेत्र के पुलिस, दूरसंचार नियामक और साइबर क्राइम सेल को अवश्य सूचित करें। इसके अलावा, यदि आपको किसी वेबसाइट के नकली होने अथवा अनुकरण का कोई शक हो या यदि आपको हमारे नाम से कोई कपटपूर्ण प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो कृपया RSPL GROUP के आधिकारिक टेलीफोन नंबर्स +91-512-22212-01 to 05 या email info@rsplgroup.com पर तुरंत सूचित करें।

Peeyush Jain

RSPL LIMITED GURGAON

RSPL LIMITED
Corporate Legal Department